




# ...जब धरने पर बैठे नपाध्यक्ष से नाराज कांग्रेसी पार्षद

## मामला नगर पालिका परिषद सीधी का, कांग्रेस की परिषद में अपने ही नपाध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी कर कांग्रेसी पार्षदों ने मोर्चा खोल लगाए गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

**सीधी, 19 जनवरी। कांग्रेस की परिषद में अपने ही नपाध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी कर कांग्रेसी पार्षदों मोर्चा खोल गंभीर आरोप लगाये। नपाध्यक्ष से नाराज कांग्रेसी पार्षद आज नगर पालिका कार्यालय में फर्श पर धरने में बैठ कर सियासी घमासान मचा दिया।**

नगर परिषद सीधी के पार्षदों ने ठप्प पड़े विकास कार्य को लेकर अध्यक्ष के खिलाफ आज मोर्चा खोल दिया। सोमवार को नगर पालिका परिषद के चार पार्षद अध्यक्ष कक्ष के सामने धरने पर बैठ कर अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा अपने कक्ष पर ही मौजूद रही।

दरअसल नगर पालिका परिषद सीधी में जबसे कांग्रेस की परिषद आई है तब से लगातार कुछ न कुछ मामला सामने आता रहा है। अभी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के बीच छिड़ी जंग का पटाक्षेप किसी तरह न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद हुआ, लेकिन उपाध्यक्ष का मामला शांत होते ही परिषद के कर्मचारी अध्यक्ष के खिलाफ विरोध प्रदर्शन पर उतर आए थे, अब एक बार फिर नगर पालिका परिषद सीधी का सियासी पारा चढ़ गया है, कांग्रेस पार्टी से चुनाव जीतकर आए चार पार्षदों ने अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा पर विकास कार्य में अवरोध पैदा करने का आरोप लगाते हैं धरने पर बैठ गए हैं। नाराज पार्षदों ने अध्यक्ष मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए विकास करो या इस्तीफा दो



की मांग पर अड़े रहे। यह धरना प्रदर्शन सोमवार को दोपहर 2 बजे से शुरू हुआ जो शाम 6 बजे गोपद बनास एसडीएम राकेश शुक्ला के मौके पर आकर समझाइश देने पर समाप्त हुआ। कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद कुमुदनी सिंह चौहान ने धरने के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए अध्यक्ष के विकास कार्यों में अवरोध पैदा करने का आरोप लगाया। पार्षद कुमुदनी सिंह ने कहा कि बीच में उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह चौहान के द्वारा हम लोगों के वार्डो में कई निर्माण कार्य स्वीकृत कराए थे, लेकिन फिर कार्य ठप्प हो गए। अध्यक्ष द्वारा स्वीकृत कराए गए कार्यों को भी रोक दिया गया है। जनता ने हम लोगों पर विश्वास जताया है लेकिन हम विश्वास पर खरे नहीं उतर रहे हैं, जिसके चलते यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा था।

### अध्यक्ष की तानाशाही से विकास कार्य बाधित : कुमुदनी



पार्षद श्रीमती कुमुदिनी सिंह ने कहा कि नगर पालिका में अध्यक्ष की तानाशाही से हमारे वार्ड क्रमांक 13 का विकास रुका हुआ है। जो काम स्वीकृत हुआ वह भी नहीं हो पा रहा है। साथ ही अन्य कामों में भी ग्रहण लगा हुआ है। अध्यक्ष की तानाशाही से विकास कार्य रुका हुआ है। जिस वजह से हम लोग धरने में बैठे।

### विकास को भूल चुकी हैं अध्यक्ष : सोनम



वार्ड क्रमांक 17 की पार्षद सोनम सोनी ने कहा कि नगर पालिका में समस्याओं का अंबार है। मेरे वार्ड में अध्यक्ष द्वारा कोई पहल नही की जाती। जिस वजह से हम धरने में बैठे हैं। उनके द्वारा नगर के विकास को लेकर कोई पहल नही होती है। ऐसे में कब तक पार्टी में रहकर अध्यक्ष का गुणगान करूंगी। यही वजह है कि हम धरने में बैठकर अध्यक्ष के खिलाफ विरोध शुरू किए हैं।

### वार्ड समस्याओं की अध्यक्ष कर रही अनदेखी : सीमा



वार्ड क्रमांक 18 की पार्षद सीमा सिंह ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा को वार्ड की समस्या को लेकर कोई मतलब नहीं रहता। जनता मुझे ही सुनाती है। ऐसे में हम क्या करें। मजबूरी पर अध्यक्ष के खिलाफ धरने में बैठी।

### सुधार नहीं हुआ तो करेंगे आमरण अनशन : हल्के



नपा के निर्दलीय पार्षद वार्ड क्रमांक 6 हल्के सोनी ने कहा कि अभी तो हम धरने में बैठे हैं यदि इसके बाद भी अध्यक्ष सुनवाई नहीं करतीं तो आमरण अनशन भी करने को लेकर मजबूर होंगे। अध्यक्ष की तानाशाही समझ से परे है। हम जिस वार्ड में निर्वाचित हुए हैं वहां का विकास करना मेरा दायित्व है। इसमें अध्यक्ष की लापरवाही से हम लोग परेशान हैं।

### बैठकर निर्णय लेने से होगा समाधान : काजल



नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा ने कहा कि मेरे खिलाफ नगर पालिका के सामने मुर्दाबाद के नारे लगाये जा रहे है। जबकि पार्षदों को साथ में बैठकर समस्या रखनी चाहिए, उसी से समाधान होगा। जिनकी जो समस्या है उसका निराकरण नगर पालिका द्वारा किया जाएगा लेकिन यह तरीका मेरे हिसाब से अच्छा नहीं है।

# तेज रफ्तार पिकअप ने पत्रकार को मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल

## थाना अमिलिया क्षेत्र की घटना

नवभारत न्यूज

**अमिलिया, 19 जनवरी। अमिलिया क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का एक गंभीर मामला सामने आया है। दिनांक 17 जनवरी 2026 को नवभारत के पत्रकार सनत गुप्ता पिता हरिश्चन्द्र गुप्ता उम्र 32 वर्ष निवासी अमिलिया बाजार जो पेपर बाट कर घर की तरफ आ रहे थे को एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने गलत साइड से आकर सामने से जोरदार टक्कर मार दी।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि पत्रकार वाहन के सामने के बोनट पर उछल गए और कुछ दूरी तक वाहन के साथ घिसटते हुए सड़क पर जा गिरे। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना के समय पत्रकार सनत गुप्ता अपने सही साइड से जा रहे थे, तभी पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 53 जीए 4223 के चालक ने बाजार क्षेत्र, थाना अमिलिया के पास तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी और वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड बताई जा रही है, जिसमें पिकअप



वाहन की गतिविधि स्पष्ट दिखाई दे रही है। इस हादसे में पत्रकार को गंभीर चोटें आई हैं। उनका इलाज सतना के एक निजी अस्पताल में जारी है, जहां चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। पीड़ित पक्ष एवं स्थानीय लोगों ने दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में गलत साइड और तेज रफ्तार से वाहन चलाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# शिक्षक को डीईओ ने निलंबित कर मझौली में किया अटैच

## मामला सरदा प्राथमिक शाला के स्वेच्छाचारिता से लिप्त प्राथमिक शिक्षक का

नवभारत न्यूज

**सीधी, 19 जनवरी। विकास खंड शिक्षा कार्यालय रामपुर नैकिन के संकुल केन्द्र भरतपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत पटना के ग्राम सरदा में संचालित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक रमाशंकर द्विवेदी को डीईओ सीधी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विकास खंड शिक्षा कार्यालय मझौली में अटेचमेंट किया गया है।**

उक्त कारवाई जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के उपाध्यक्ष पदेन शिक्षा समिति अध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा द्वारा किए गये भ्रमण उपरांत दिए गए प्रतिवेदन तथा विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामपुर नैकिन



द्वारा उक्त प्रतिवेदन की गई जांच, चाहे गये स्पष्टीकरण के पश्चात की गई है। निलंबन आदेश में उक्त शिक्षक को शैक्षणिक कार्य के प्रति निष्क्रिय रहने, मनगढ़ंत अभिलेख तैयार कर नियमों की अनदेखी किए जाने तथा शैक्षणिक व्यवस्था ठप्प करने का दोषी पाया गया है। ज्ञातव्य है कि कोई दो सौ आबादी ग्राम सरदा में संचालित उक्त विद्यालय में प्रवेशी पन्द्रह छात्र हैं, जहां वर्षों पूर्व से एक दिव्यांग शिक्षक सूरदास पदस्थ हैं, जिनके साथ सहयोगी रूप में रमाशंकर द्विवेदी को तीन वर्ष पूर्व पदस्थ किया गया था। जांच के दौरान पाया गया है कि शिक्षक रमाशंकर द्विवेदी पदांकन समय से ही विद्यालय कभी-कभार आते हैं, मनमाफिक रूप में शैक्षणिक व्यवस्था को रजिस्टर में लिपिबद्ध कर शासन के नियमों के विपरीत कार्य करते हैं। कुल मिलाकर एक तरफजहां नौनिहालों का भविष्य चौपट है। वहीं दूसरी तरफ मध्याह्न भोजन वितरण व्यवस्था के सहित अन्य सभी शैक्षणिक कार्य कागजों पर ही सीमित है। जारी विज्ञप्ति में गैर जिम्मेदार ऐसे शिक्षक के निलंबित होने पर ग्राम सरदा के अभिभावकों ने जिला प्रशासन के प्रति सहृदय आभार जताया है। जानकारी अनुसार प्राथमिक विद्यालय पटना में पदस्थ तीन शिक्षकों में से एक शिक्षक को फिलहाल सरदा में तैनात किया गया है।

# स्व . बृजेंद्र नाथ सिंह मिस्टर स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन की धूम

नवभारत न्यूज

**सीधी, 19 जनवरी। स्व. बृजेंद्र नाथ सिंह मिस्टर स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का पांचवां दिन खेल प्रेमियों के लिए बेहद रोमांचक और यादगार रहा। आज दो महत्वपूर्ण मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। दिन के पहले मुकाबले में अमित 11 और जोगीपुर 11 की टीमें आमने-सामने थीं।**

इस मैच के मुख्य अतिथि के रूप में राजेश सिंह चौहान उर्फ मंगल पाण्डेय एवं प्रदीप मिश्रा उपस्थित रहे। मुकाबला कड़ा रहा, लेकिन अमित 11 की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की। शानदार प्रदर्शन के लिए दिव्यांश सिंह को




मैन ऑफ द मैच चुना गया। इसके बाद दिन का दूसरा और अत्यंत महत्वपूर्ण क्वार्टर फाइनल मुकाबला ड्रीम 11 और अमित 11 के बीच खेला गया। इस मैच के मुख्य अतिथि अमरजीत सिंह परिहार रहे। अमित 11 की टीम ने इस मुकाबले में भी शानदार खेल दिखाते हुए ड्रीम 11 को पराजित कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। इस मैच के हीरो रहे अनंत पाण्डेय, जिन्होंने अपनी घातक गेंदबाजी से मैच का रुख ही बदल दिया। उन्होंने 3 ओवर की गेंदबाजी में मात्र 5 रन देकर 4 विकेट झटके, जिसमें दो मेडन ओवर भी शामिल रहे। उनकी इस शानदार गेंदबाजी ने दर्शकों और आयोजकों से खूब प्रशंसा बटोरी। पांचवें दिन के मुकाबलों में खिलाड़ियों की खेल भावना, अनुशासन और उत्साह देखते ही बनता था। आयोजन समिति द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रबंधन और दर्शकों की भारी उपस्थिति ने टूर्नामेंट को और भी भव्य बना दिया। अब सभी की निगाहें सेमीफाइनल मुकाबलों पर टिकी हुई है, जहां और भी रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगा।

# वर्ष 2026 की नेशनल लोक अदालतों की तिथियां निर्धारित

नवभारत न्यूज

**सीधी, 19 जनवरी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2026 में समस्त न्यायालयों में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों की तिथियाँ निर्धारित कर दी गई हैं।**

उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च 2026, 09 मई 2026, 12 सितम्बर 2026 एवं 12 दिसम्बर 2026 को किया जाएगा। उक्त तिथियों में जिले के सभी न्यायालयों में विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का आपसी सहमति से त्वरित एवं सरल समाधान किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### नियम विरुद्ध पदोन्नति प्रकरण में लिपिक निलंबित

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सीधी में पदस्थ चित्रसेन गौतम, सहायक ग्रेड-1 को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। श्री गौतम पर पदोन्नति प्रकरण में शासन द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद तथ्यों को छुपाकर नियम विरुद्ध मार्गदर्शन जारी करने का आरोप है। कृत्य को घोर लापरवाही एवं कदाचरण मानते हुए उन्हें मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपीलद्ध नियम 1966 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मझौली रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# कलेक्टर ने बैठक में की गणतंत्र दिवस तैयारियों की समीक्षा

## समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी, 19 जनवरी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण, समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम, कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के बिंदुओं की प्रगति तथा आगामी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।**

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की विभागवार एवं प्रकरणवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिक न होकर हितग्राही की वास्तविक समस्या का समाधान होना चाहिए। कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन



कार्यक्रम में चयनित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन प्रकरणों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

लंबित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग, फील्ड विजिट एवं जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में प्राप्त निर्देशों एवं बिंदुओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की प्रगति की जानकारी लेते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं से जुड़े कार्यों में पूर्ण गंभीरता, आपसी समन्वय एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही बैठक में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने समारोह स्थल, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुरक्षा व्यवस्था, अतिथि सत्कार, स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था से संबंधित सभी तैयारियों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस का आयोजन गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप होना चाहिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला, उपखंड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, सिहावल प्रिया पाठक, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# कमर्जी स्कूल में छात्र-छात्राओं का हुआ कैरियर काउंसिलिंग

नवभारत न्यूज

**कमर्जी, 19 जनवरी। मध्य प्रदेश शासन के नियमानुसार छात्रों का कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमर्जी में कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं का करियर काउंसलिंग विधिक शोध छात्र इंद्रलाल पटेल को विद्यालय में आमंत्रित कर करवाया गया।**

श्री पटेल ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं का कैरियर काउंसिलिंग करते हुऐ देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों में प्रवेश के प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ साथ रोजगार के रास्तों का भी उपाय सुझाया। उन्होंने छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया उन्होंने छात्रों से 12वीं के बाद कम से कम ग्रेजुएशन तक जरूर पढ़ाई करने की सलाह दी। कहा ज्यादातर नौकरी ग्रेजुएशन के बाद ही उपलब्ध है। साथ ही बचपना भी बचा रहेगा। छात्र-छात्राओं में पूरे समय तक जानने की उत्सुकता बनी रही और सवाल जवाब करते रहे। विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और अंत में विद्यालय के प्राचार्य केपी सिंह ने आभार ज्ञापित किया।

# नव ज्योति हाईस्कूल की छात्राओं ने खेल में दिखाया जौहर




▸ खेले एम.पी. यूथ गेम्स 2025 का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी, 19 जनवरी। खेले एम.पी. यूथ गेम्स 2025 के तहत आयोजित प्रतियोगिता में जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रोशन जायसवाल के मार्गदर्शन में प्रैक्टिस किए नव ज्योति हाई स्कूल पुलिस लाइन सीधी की छात्रा शियांसी यादव गोला फेंक में द्वितीय स्थान और 800 मी. दौड़ में तृतीय स्थान, रेनू विश्वकर्मा ने लम्बी कूद में द्वितीय स्थान तथा दुर्गा जयसवाल ने 100 मी. दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया।**

विद्यालय के शिक्षक देवनंद यादव और शिक्षिका अभिलाषा विश्वकर्मा मेंटोर के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के व्यवस्थापक केके तिवारी, प्राचार्य बीजी द्विवेदी और सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रीवा ने शानदार जीत हासिल कर मझौली को किया बाहर

## जिला पंचायत अध्यक्ष सीधी-सिंगरौली की मौजूदगी में हुआ मैच

नवभारत न्यूज

**मझौली, 19 जनवरी। शहीद अनिल सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा मैच 19 जनवरी को मेजबान टीम मझौली बनाम रीवा के मध्य द्वय जिला पंचायत सीधी अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह एवं जिला पंचायत सिंगरौली अध्यक्ष सुश्री सोनम सिंह के मुख्य अतिथि व जिला पंचायत सदस्य वन समिति सभापति कृष्ण लाल छोटू पयासी के अध्यक्षता में खेला गया.**

रीवा ने शानदार 87 रन से जीत हासिल कर मझौली को टूर्नामेंट से बाहर निकाल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं रीवा की जीत से धनपुरी भी ग्रुप ए से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी। तीसरे दिन के मैच में मख्य अतिथि के रूप में जिला



पंचायत सीधी अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह एवं जिला पंचायत सिंगरौली अध्यक्ष सुश्री सोनम सिंह रहीं, जबकि अध्यक्षता जिला पंचायत सीधी वन समिति सभापति कृष्ण लाल पयासी छोटू ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मनोज कोल, उमेश पाण्डेय एड. मंचासीन रहे। वहीं दर्शक दीर्घा में प्रमुख रूप से बृजेन्द्र सिंह, मनभरन सिंह, राजकुमार तिवारी, नागेंद्र सिंह कन्हाई, लवकेश, संजीव सिंह संजू, सुनील सिंह, प्रदीप सिंह, अजय तोमर, अरुण सिंह, अजय सिंह छोटू सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। जहां पर सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा शहीद अनिल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया एवं अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टॉस रीवा के कप्तान अतुल ने जीत कर पहले बल्लेवाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 20 ओव्हर में पांच विकेट पर 241 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया, जिसमे प्रिंस ने 53 गेंदों पर 84 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली वहीं हरीस ने 36 व अतुल एवं ऋषभ ने 32-32 रनों की पारी खेली।

मझौली की तरफ से बॉलिंग में ऋतिक पाण्डेय ने 2 व रोहित एवं ऋतिक शर्मा को 1-1 विकेट मिला जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। बाद में 242 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मझौली की पूरी टीम 19 ओव्हर में 154 रनों पर सिमट गई व उसे 87 रनों की हार झेलनी पड़ी। मैच मे रीवा टीम के खिलाड़ी प्रिंस को आयोजन समिति द्वारा मैन ऑफद मैच से पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने 84 रनों की तेज पारी के साथ तीन ओवर में 30 रन देकर दो विकेट लिया। एम्पायर की भूमिका में संजय तोमर, सुधीर सिंह रहे वहीं रेफरी दिलीप कुमार गुप्ता रहे। स्कोरर टीम में कार्तिकेय सिंह ऑनलाइन स्कोरर, अर्जुन सिंह व शिवराज रावत मेंन स्कोरर रहे। कमेंटेटर व उद्घोषक देवेंद्र सिंह के साथ शैलेंद्र सिंह व युवराज सिंह रहे। कल 19 जनवरी का मैच उमरिया शहडोल व रायपुर छत्तीसगढ़ के बीच खेला जायेगा।